कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
सहायक अभियन्ता (द्वितीय)
निर्माण खण्ड–1, लो0नि0वि0, अलीगढ़

(कार्यालय ई–मेल आई0डी0– cd1pwdaligarh@yahoo.in)

पत्रांक : 125 /9सी **दिनांक :** 09/06/2026

सेवा में,

प्रधानाचार्य,
शान्ति निकेतन वर्ल्ड स्कूल
पंचशील कालोनी, रामघाट रोड़,
अलीगढ़।

विषय :– **शान्ति निकेतन वर्ल्ड स्कूल पंचशील कालोनी, रामघाट रोड़, अलीगढ़ का भूकम्प रोधी प्रमाण–पत्र निर्गत किये जाने के सम्बन्ध में।**

संदर्भ:– **मुख्य विकास अधिकारी, अलीगढ़ का पृष्ठांकन सं0–328 दिनांक 21.05.2026**

उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्र के क्रम में अवगत कराना है कि शान्ति निकेतन वर्ल्ड स्कूल, पंचशील कालोनी, रामघाट रोड़, अलीगढ़ के भवन का भूकंपरोधी प्रार्थना–पत्र दिनांक 27.05.2026 को इस कार्यालय से प्राप्त हुआ है। उक्त भवन के संयुक्त निरीक्षण के समय भवनस्वामी श्रीमती शालिनी महलवार, उपलब्ध रही उनके द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त शान्ति निकेतन वर्ल्ड स्कूल पूर्व निर्मित भवन में पूर्व से ही संचालित है एवं भवन का निर्माण वर्ष 2010 में हुआ है। विद्यालय भवन चार मंजिल (जी+3) का बना हुआ है। भवनस्वामी श्रीमती शालिनी महलवार, एवं श्री मृदुल कुमार, चार्टेड इंजीनियर रजिस्टर नं0–सी0ई0–12 व एम–15132–एस0, पता–आर्किटेक्ट्स पॉइन्ट, सेन्टर पॉइन्ट, अलीगढ़ के द्वारा दिये गये विद्यालय भवन के सुदृढ़ता प्रमाण पत्र एनेक्जर–बी0, सी0, डी0, ई0, जी0, एच0 व अन्य प्रपत्र के द्वारा यह भी अवगत कराया गया है कि भवन एन0बी0सी0 कोड–2016 के अनुसार सुरक्षित है।

अतः प्रथम दृष्टया शान्ति निकेतन वर्ल्ड स्कूल, पंचशील कालोनी, रामघाट रोड़, अलीगढ़ सुरक्षित प्रतीत होता है। अतः भवन के स्ट्रक्चर का समय–समय पर भूकम्परोधी विशेषज्ञ से परीक्षण कराया जाये व कृत कार्यवाही से इस कार्यालय को भी अवगत कराये।

सहायक अभियन्ता (द्वितीय)
निर्माण खण्ड–1, लो0नि0वि0,
अलीगढ़

पत्रांक : / **दिनांक :**

प्रतिलिपि :–

1. अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड–1, लो0नि0वि0, अलीगढ़ को सूचनार्थ प्रेषित।
2. सम्बन्धित, अवर अभियन्ता (सिविल), निर्माण खण्ड–1, लो0नि0वि0, अलीगढ़ को उनके द्वारा दी गयी आख्या के क्रम में सूचनार्थ प्रेषित।

सहायक अभियन्ता (द्वितीय)
निर्माण खण्ड–1, लो0नि0वि0,
अलीगढ़